


तमरहाई


सुनरहाई


नुनहाई


सदर



सदर


निवाड़गंज


रांझी मुख्य मार्ग


मनोकामना वाली महाकाली रांझी


कछपुरा ब्रिज के नीचे विराजी माता महाकाली की वृहद प्रतिमा


वृहद महाकाली गढ़ा फाटक


सदर

# महानवमी आज, कन्याओं को कराया जाएगा भोजन

**जबलपुर, नवभारत।** शारदीय नवरात्रि की नवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा करने का विधान है। आज बुधवार यानी 1 अक्टूबर को नवमी पर दुर्गा माता के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की विधिवत पूजा करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। देवीपुराण के अनुसार, भगवान शंकर ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। शस्त्रों में सिद्धिदात्री माता को सिद्धि और मोक्ष की देवी के रूप में दर्शाया गया है। पंडित राज मिश्र के अनुसार शारदीय नवरात्रि के नवमी पर माता सिद्धिदात्री की पूजा विधि विधान के साथ करने से विशेष फल प्राप्ति होती है। मां सिद्धिदात्री मैया को अक्षत, लाल चंदन, चुनरी, सिंदूर, पीले और लाल पुष्प अर्पित करना चाहिए।

### मां सिद्धिदात्री का पूजन करने का शुभ मुहूर्त

पंडित राज मिश्र के अनुसार माता सिद्धिदात्री का पूजन करने के लिए ब्रह्म मुहूर्त में 04.37 से 05.25 तक रहेगा। जिसके बाद अभिजित मुहूर्त 11.47 सुबह से शुरू होकर 12ः35 तक रहेगा। वही विजय मुहूर्त 02.58 तक रहेगा। पंडित राज मिश्र ने आगे बताया कि गोधूलि मुहूर्त शाम 06.08 से 06.32 तक और 01 अक्टूबर अमृत काल 02.56 से 04.40 और निशिता मुहूर्त 11.47 से 12.35 तक रहेगा।

### इनका कहना है



मां सिद्धिदात्री की पूजा विधि विधान से करने पर विशेष फल की प्राप्ति होती है। मातारानी से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है।

**पंडित राज मिश्र**



आज मां सिद्धिदात्री की पूजन कर कन्या भोजन भी कराया जाएगा। माता रानी सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें।

**मनोज मिश्रा**

## 21,000 लौंगों की माला महाकाली को अर्पित



**नवभारत, जबलपुर।** नवरात्रि सप्तमी पर गढ़ाफाटक स्थित नामदेव परिवार की वृद्ध माता श्रीमती मीरा बाई नामदेव ने 21,000 लौंगों की माला स्वयं निर्मित कर बड़े धूमधाम के साथ नामदेव भवन से अपने नाती-पोते एवं परिवारजनों एडवोकेट शैलेश सतीश नामदेव, एडवोकेट योगेश नामदेव, समाजसेवी मनोज नामदेव, सुशील नामदेव, प्रमोद नामदेव, अनूप नामदेव, गौरव नामदेव, श्रीमती आशा नामदेव, श्रीमती सुजाता नामदेव, श्रीमती रेखा नामदेव, श्रीमती मोना नामदेव, श्रीमती अन्नपूर्णा नामदेव, श्रीमती रीता नामदेव, पुरुषोत्तम नामदेव, घनश्याम नामदेव, आकाश नामदेव, वरिष्ठ समाजसेवी रामकुमार गुप्ता, रमेश यादव राहुल गुप्ता, अंशुल केशरवानी, निखिल जैन, सहित संस्कारधानी के मां के सैकड़ों भक्तों के साथ मिलकर 21,000 लौंगों की माला को हाथ लगाकर आगे बढ़ाते हुए जयकारों और बैंड-ढोल की धार्मिक धुनों के साथ मां बड़ी महाकाली मंदिर में अर्पित किया तथा माता का आशीर्वाद प्राप्त कर भंडारा वितरण किया।

## एक नजर में



### एक अधिकारी सहित 88 सेवानिवृत्त

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में कार्यरत एक अधिकारी एवं एक कर्मचारी सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों के कुल 88 रेलकर्मी मंगलवार 30 सितम्बर को सेवानिवृत्त हुए। अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री ने उप मुख्य अभियंता (निर्माण) नीरज दुबे एवं वरिष्ठ एसओ टीआई मोदूलाल मीणा के अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल प्रदान किये। सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन की ओर से स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनायें दी गईं। सेवानिवृत्ति समारोह के अवसर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. डी. पाटीदार, मुख्य इंजीनियर (निर्माण) जोन सिंह मीणा, मुख्य इंजीनीयर (सामान्य) पी. एन. तुराले, मुख्य वित्त सलाहकार हरी केश मीणा, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (एचआरडी) सुश्री पूर्णिमा जैन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### महाप्रबंधक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में मंगलवार 30 सितम्बर सेफ्टी रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। बैठक में सेफ्टी, क्राउड मैनेजमेंट, रेलगाड़ियों के संरक्षित एवं सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई। इसके साथ ही प्रमुखता से त्यौहारों पर रेलवे स्टेशनों में यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया एवं प्लेटफार्मों और ट्रेनों में क्राउड मैनेजमेंट और अन्य रेल सुविधाओं जैसे अनेक विषयों पर समीक्षा कर विचार-विमर्श किया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने आने वाले त्योहारों पर आगामी महीनों में दशहरा, दीपावली एवं छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर यात्रियों को जयादा से ज्यादा रेल सुविधाओं का बेहतर लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### 39 वर्षों की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुई शिक्षिका डोंगरे

**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला राधा-कन्या दरहाई में कार्यरत कुन्दा डोंगरे (सहायक-शिक्षक) अपनी 39 वर्षों की शासकीय सेवाएं पूर्ण करते हुए, सेवानिवृत्त हुई इस अवसर पर शाला परिसर में विदाई-समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता शासकीय शाला राधा-कन्या दरहाई की प्रधानाध्यापक सोना बाई कश्यप ने की तथा मुख्य-अतिथि के रूप में संकुल कमला-नेहरू गंजीपुरा की प्राचार्या शैलबाला डोंगरे, राम शंकर शुक्ला, संगीता शुक्ला, स्मिता शुक्ला, हेमलता पटेल, हेमलता तिवारी, सुनील कोरी, बीएसी शिल्पकार , दीनानाथ चौधरी, जनशिक्षक विश्वंभर गर्ग, राखी असाठी, कमल भारद्वाज एवं लता भारद्वाज, निर्मला तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर संकुल प्राचार्य एवं शाला की प्रधानाध्यापक द्वारा श्रीमती डोंगरे का पुष्प-गुच्छ, शॉल,श्रीफल तथा अभिनंदन-पत्र भेट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शाला परिवार से अर्चना दुबे, अभिलाषा पटेल, संगीता श्रीवास्तव, अंजू ठाकुर, वर्षा गौर, आरती यादव, दीप्ति पाठक, नीरा कौरा, ओरपे मैम, दमयंती ठाकुर, अल्का हूमने, जायसवाल मैम, दीपक सोनी, एवं डोंगरे परिवार के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में शाला के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

## श्रीराम दरबार का होगा पूजन, निकलेगी शोभायात्रा

▶ श्री सनातन धर्म सभा द्वारा दशहरे पर्व का आयोजन कल



**नवभारत,जबलपुर।** श्री सनातन धर्म सभा, श्री राधा कृष्ण मंदिर रांझी के तत्वावधान में गुरुवार 2 अक्टूबर को दोपहर 3ः30 बजे श्री राधा कृष्ण मंदिर रांझी के परिसर में बाल स्वरूप में विराजे प्रभु श्रीराम दरबार का पूजन कर श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा रांझी के मुख्य मार्गों से होती हुई जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज हॉस्टल नंबर 1 मैदान पर पहुंचेगी। यहां पर संस्कारधानी के उदयीमान युवा कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जावेगी। यह जानकारी मंगलवार को प्रेस वार्ता में हरि ओम मिश्रा, उमेश पांडे, गोविंद यादव, राजेश मिश्रा ने दी। कार्यक्रम के समापन पर भगवान श्रीराम और रावण का युद्ध होगा, तत्पश्चात आकर्षक आतिशबाजी के मध्य रावण दहन किया जाएगा। शोभायात्रा के समापन पर शाम 8 बजे, कार्यक्रम में परम्परा के निर्वाहन का सन्देश आम जन मानस को दिया जायेगा। इस अवसर पर अरुण दुबे, अनिल शर्मा, नेम सिंह, निर्मल जैन, अनुराग तिवारी, पुष्पराज पाण्डेय, रूपेश सिंह, अखिल तिवारी, अंकित पटेल, निकेश मिश्रा, अनिल चौबे, सोमेश मिश्रा, आलोक भट्ट, निशांत भसीन असीम दुबे, संतोष तिवारी, जग्गू विश्वकर्मा, हरीश अहिरवार, आशीष दत्ता आदि उपस्थित रहे।

## विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम




**नवभारत, जबलपुर।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर मुख्यालय मध्य भारत एरिया द्वारा जबलपुर मिलिट्री स्टेशन के बत्रा ऑडिटोरियम में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष का थीम डोंट मिस ए बीट के रूप में घोषणा की है, जो हृदय रोगों के खिलाफ सामूहिक प्रतिबद्धत्ता का प्रतीक है और प्रत्येक हृदय रोगी के अनूठे अनुभवों को पहचानती है। विश्व हृदय दिवस जागरूकता कार्यक्रम में भारी संख्या में सेना के जवानों और उनके परिवारजनों ने भाग लिया । कार्यक्रमों की इसी श्रृखंला में व्याख्यान और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्नल दीपेंद्र भूषण, स्टेशन हेल्थ अफसर, जबलपुर मिलिट्री स्टेशन और मिलिट्री अस्पताल की डॉ पूर्व मगरकर वेले, डायटीशियन ने हृदय रोगों के लक्षण, जोखिम कारकों, रोकथाम व उपचार के तरीकों और स्क्रीनिंग शिविर के महत्व पर स्वास्थ्य व्यख्यान प्रस्तुत किया। इसके अलावा इस विषय पर जानकारी पूर्ण पोस्टर भी प्रस्तुत किये गए।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर स्मरण



**नवभारत, जबलपुर।** राजनीति में शुचिता के प्रतीक, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमंत माधवराव सिंधिया की 24 वीं पुण्यतिथि पर आज जबलपुर इनकम टैक्स चौक स्थित सिंधिया पार्क में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंद पाठक के संयोजन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनका भावभीना स्मरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि स्व. माधवराव सिंधिया जी राजनीति में शुचिता के प्रतीक थे उन्होंने सदैव ही समाजसेवा को प्रमुखता दी। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महामंत्री रजनीश यादव वरिष्ठ भाजपा नेता शरद अग्रवाल, संदीप जैन क्षेत्रीय पार्षद लवलीन आनंद सुधांशु गुप्ता अनवर हुसैन राकेश पटेल श गौरव शर्मा , शमीम कुरैशी राजेंद्र चौधरी मकसूद राज भटनागर संजीव जायसवाल गोविंद जाट अर्जुन सिंह अरविंद साहू निलेश अग्रवाल मुकेश गुप्ता सहित भाजपा कार्यकताओं ने श्रीमंत सिंधिया को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रावण के साथ आतंकवाद और भ्रष्टाचार के पुतले का होगा दहन

▶नवयुवा सनातन धर्मसभा रांझी द्वारा शोभायात्रा एवं रावण दहन कल



**नवभारत, जबलपुर।** नवयुवा सनातन धर्मसभा रांझी के तत्वाधान में कल 2 अक्टूबर को रावण मैदान रांझी (श्री राम खेल परिसर रांझी) में श्री राम शोभायात्रा एवं रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पत्रकार वार्ता में विधायक अशोक रोहाणी ने बताया कि बुधवार को श्री राम शोभायात्रा दोपहर 4 बजे से निकाली जाएगी, तथा रावण पार्क श्री राम खेल परिसर में रात्रि 8 बजे रावण दहन किया जायेगा। पदाधिकारी ने बताया कि इस बार दशहरा में पांच पुतलों का दहन किया जाएगा, जिसमें 45 फुट का रावण, 40 फुट कुंभकरण और 35 फुट का मेघनाथ के पुतले के साथ आतंकवाद एवं भ्रष्टाचार के पुतलों का भी दहन किया जाएगा, इसके अलावा चल समारोह में रांझी की 21 मूर्तियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फायर वर्क एवं लेजर शो होगा तथा रामायण के पात्र भी कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण होगें। कार्यक्रम में आतीशबाजी, मधूरधून के साथ आर्कोष्टा के साथ, ढोज, बैंड, बग्गी, एवं घोडों के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता श्री राम शोभायात्रा को शोभाएमान करेगें। जिसमें नवयुवा सनातन धर्मसभा के सभी कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति की अपील की है। पत्रकार वार्ता में संयोजक शीलू सारंग, सह-संयोजक बबलू शर्मा, अध्यक्ष परसराम मूलचंदानी, सचिव चंचल कोहली, सहयोगी दामोदर सोनी एवं कोषाध्यक्ष राजू अरोरा आदि उपस्थित थे।



### डॉ. दीप्ति एमएस सिग्नेचर इंटरनेशनल अवॉर्ड से सम्मानित

नवभारत, जबलपुर। डॉ दीप्ति गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली में एम एस सिग्नेचर इंटरनेशनल अवॉर्ड प्राप्त किया। डॉ दीप्ति गुप्ता एनएससीबी एमसीएच जबलपुर स्त्री प्रसूति रोग विभाग में सह प्राध्यापक हैं। यह अवॉर्ड अंतरराष्ट्रीय एनजीओ द्वारा अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को दिया जाता है। उन्होंने यह पुरस्कार डॉ हिमांशु भूषण, प्रसिद्ध वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं पॉलिसी मेकर, डॉ लोरेन फ्रीड गर्ग एवं अन्य द्वारा प्राप्त किया। इससे पहले डॉ दीप्ति गुप्ता कोएन ए पंडित, शैलजा पंडित पुरस्कार वर्ष 2025 में और बेस्ट पेपर के लिए सी एस डॉन अवॉर्ड 2022 में प्राप्त हुए हैं।

**कार्यशाला** | आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत मंडल कार्यशाला को लोक निर्माण मंत्री ने किया संबोधित

## आत्मनिर्भरता की कल्पना ही विकसित भारत का मूल मंत्र : राकेश सिंह



**नवभारत, जबलपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी वस्तुओं के अपनाने की जो मुहिम प्रारम्भ की है यह देश के विकास में मील का पत्थर साबित होने वाली है क्योंकि आत्मनिर्भर भारत की कल्पना ही विकसित भारत का मूल मंत्र है यह बात मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने रानी दुर्गावती मंडल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित मंडल कार्यशाला में कहीं। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया मंडल कार्यशाला 29 एवं 30 सितम्बर को होंगी, इसके बाद 3 से 15 अक्टूबर तक जिला स्तर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस, 16 से 30 अक्टूबर तक जिला स्तर में महिला सम्मलेन एवं युवा सम्मलेन का आयोजन, 01 से 15 नवम्बर तक जिला स्तरीय व्यापारी, लघु उद्योग एवं प्रोफेशनल सम्मलेन एवं कॉलेज स्तरीय स्वदेशी सेमिनार का आयोजन, 16 से 30 नवम्बर तक जिला स्तर पर वृहद स्वदेशी मेला एवं 01से 25 दिसंवर तक जिला स्तर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ एवं पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह मण्डल स्तर पर 15 अक्टूबर से 15 नवम्बर के बीच, मंडल सम्मलेन, महिला एवं युवा सम्मलेन व व्यापारियों छोटे उधमी से चर्चा के कार्यक्रम किये जायेंगे। कार्यशाला के अंत में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने उपस्थित समस्त जनों को आत्मनिर्भर भारत हेतु स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव मंडल अध्यक्ष प्रणय गुप्ता, पार्षद पूजा श्रीराम पटेल, प्रिया संजय तिवारी आदि उपस्थित थे ।



## 40 से अधिक महिलाएं करेंगी रक्तदान

**जबलपुर, नवभारत।** विगत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाया जा रहा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पहली बार ऐसा आयोजन हो रहा है जिसमे लगभग 40 महिलाएँ समाज के लिए अपना रक्तदान करेंगी। जिससे यह भी सिद्ध होता है की भारत की नारी सुशील, सुधीर और समर्थ बनकर राष्ट्र के निर्माण का कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित शेफाली मुद्गल शाखा प्रबंधक, एस.बी.आई, कटंगा शाखा और उत्तर मध्य विधान सभा के विधायक अभिलाष पांडे मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर 2025 को जबलपुर राइट टाउन स्थित जे. के. हॉस्पिटल में शक्ति का रक्त दान के नाम से किया जाएगा। ये सारी जानकारी पत्रकार वार्ता में डॉ. वीणा अहलूवालिया ने साझा की।